Vaccinate WA

सभी उम्र के लोगों के लिए कोविड-19 के टीके की बूस्टर खुराकों की रेफरेंस गाइड

आप या आपके बच्चे को कोविड-19 के टीके की पहली सीरीज़ लगाई गई है, ताकि आप और अन्य लोग कोविड-19 के कारण गंभीर रूप से बीमार होने, अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु से सुरक्षित रहें। अध्ययनों से पता चला है कि कोविड-19 के टीके असरदार हैं, लेकिन समय के साथ वर्तमान टीकों से मिलने वाली सुरक्षा में गिरावट आ सकती है।

इसलिए, बूस्टर टीका लगवाना अभी भी इस सुरक्षा को बनाए रखने का सबसे असरदार तरीका है।

नीचे दिया गया चार्ट देखकर पता लगाएँ कि आप या आपका बच्चा कोविड-19 की एक या अधिक बूस्टर खुराक के पात्र हैं या नहीं।*

	कौन पात्र हैं?	मुझे बूस्टर खुराक कब लगवानी चाहिए?	क्या मैं दूसरी बूस्टर खुराक ले सकता/सकती हूँ?	कौन-सा बूस्टर लगवाएँ?
यदि आपने लगवाया है... ***Pfizer***	**5+** उम्र के सभी लोगों को अप-टू-डेट रहने के लिए अपनी बूस्टर खुराक लगवानी चाहिए।	Pfizer टीके की पहली सीरीज़ पूरी होने के कम से कम **5 महीने** बाद।	50+ उम्र के सभी लोगों को पहला बूस्टर लगने के कम से कम **4 महीने** बाद दूसरा बूस्टर लगवाना चाहिए।	**18+ उम्र के वयस्क** किसी भी mRNA कोविड-19 टीके की बूस्टर खुराक लगवा सकते हैं। **5–17 साल के बच्चों को** केवल Pfizer बूस्टर लगवाना चाहिए।
यदि आपने लगवाया है... ***Moderna***	**18+** उम्र के सभी वयस्कों को अप-टू-डेट रहने के लिए अपनी बूस्टर खुराक लगवानी चाहिए।	Moderna टीके की पहली सीरीज़ पूरी होने के कम से कम **5 महीने** बाद।	50+ उम्र के सभी लोगों को पहला बूस्टर लगने के कम से कम **4 महीने** बाद दूसरा बूस्टर लगवाना चाहिए।	किसी भी mRNA कोविड-19 टीके की कोई भी बूस्टर खुराक।
यदि आपने लगवाया है... ***Johnson & Johnson***	**18+** उम्र के सभी वयस्कों को अप-टू-डेट रहने के लिए अपनी बूस्टर खुराक लगवानी चाहिए।	J&J टीके की पहली सीरीज़ पूरी होने के कम से कम **2 महीने** बाद।	50+ उम्र के जिन लोगों को पहले और बूस्टर टीके के तौर पर J&J टीका लगा है उन सभी लोगों को पहला बूस्टर लगने के कम से कम **4 महीने** बाद दूसरा बूस्टर लगवाना चाहिए।	पहले बूस्टर के लिए J&J के बजाय किसी भी mRNA टीके की बूस्टर खुराक को प्राथमिकता दी जाती है। दूसरा बूस्टर कोई भी mRNA कोविड-19 का टीका होना चाहिए।
यदि आपने लगवाया है... ***Novavax***	अगर आपको अपनी प्राथमिक श्रृंखला में Novavax लगी है, तो आप इस समय किसी भी ब्रांड की बूस्टर खुराक पाने के योग्य नहीं है।			

यदि आप मध्यम या बहुत ही कमज़ोर इम्यूनिटी वाले हैं, तो दिशानिर्देश अलग होंगे।

*जिन लोगों को हाल ही में SARS-CoV-2 संक्रमण हुआ था, वे ***कोविड-19 के टीके की अपनी पहली या दूसरी बूस्टर खुराक को लक्षण दिखने या जाँच पॉजिटिव (यदि संक्रमण लक्षण रहित था) आने से 3 महीने आगे बढ़ा सकते हैं।*** *अध्ययनों से पता लगा है* (अंग्रेज़ी में) कि संक्रमण और टीकाकरण के बीच का समय बढ़ाने से टीकाकरण से मिलने वाली सुरक्षा बेहतर हो सकती है। साथ ही, संक्रमण के बाद, हफ़्तों या महीनों तक दुबारा संक्रमण होने का जोखिम कम देखा गया है। संक्रमण के बाद बूस्टर खुराक देर से लगवानी है या नहीं, इसका फ़ैसला लेते समय कोविड-19 *की गंभीर बीमारी* (अंग्रेज़ी में) के जोखिम, *समुदाय में कोविड-19 के स्तर* (अंग्रेज़ी में) या सबसे ज़्यादा फैले SARS-CoV-2 वायरस स्ट्रेन जैसे घटकों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

कोविड-19 टीके की बूस्टर खुराकों से जुड़े अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

बूस्टर खुराकें क्यों महत्वपूर्ण हैं?

बूस्टर खुराकें, गंभीर बीमारी के खिलाफ़ लगातार सुरक्षा देने में मदद करेंगी। बूस्टर खुराकों को पहले केवल गंभीर कोविड-19 के लिए उच्च जोखिम वाले लोगों के लिए ही सुझाया गया था, लेकिन कोविड-19 की बीमारी के खिलाफ़ सुरक्षा बढ़ाने में मदद करने के लिए, 5 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को शामिल करने के लिए, जिन्हें पहली सीरीज़ में Pfizer लगाई गई थी, इस सुझाव का विस्तार किया गया है। कुछ लोगों को, जैसे कि मध्यम या बहुत ही कमज़ोर इम्यूनिटी वाले लोगों को इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए अतिरिक्त खुराकों की ज़रूरत हो सकती है। यह विशेष रूप से संयुक्त राज्य में कोविड-19 के अधिक संक्रामक रूपों और मामलों में वृद्धि के कारण अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

अगर बूस्टर खुराकों की ज़रूरत है, तो क्या इसका मतलब यह है कि टीके काम नहीं कर रहे हैं?

नहीं। अमेरिका में हमारे पास वर्तमान में जो कोविड-19 के टीके हैं, वे गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु को रोकने के लिए और इसके अन्य प्रकारों के खिलाफ भी अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। हालांकि, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, खासकर उच्च जोखिम वाली आबादी के बीच, कोविड-19 से होने वाली हल्की और मध्यम बीमारी के लिए, सुरक्षा में कमी महसूस कर रहे हैं।

बूस्टर खुराक की अपॉइंटमेंट के समय मुझे क्या लेकर जाना चाहिए?

कृपया अपने/अपने बच्चे के टीकाकरण कार्ड को बूस्टर खुराक की अपॉइंटमेंट पर लेकर जाएँ, ताकि प्रदाता पुष्टि कर पाएँ कि टीके की पहली सीरीज़ पूरी हो चुकी है। यदि आपका कार्ड खो गया है, तो प्रदाता आपका रिकॉर्ड देख सकते हैं।

टीके की अतिरिक्त खुराक और बूस्टर खुराक में क्या अंतर है?

अतिरिक्त खुराक कमज़ोर इम्यूनिटी वाले उन रोगियों के लिए है, जिन्होंने 2-खुराकों वाली mRNA टीका सीरीज़ (Pfizer या Moderna) पूरी कर ली है, लेकिन उनकी इम्युनिटी प्रतिक्रिया पर्याप्त नहीं है।

बूस्टर खुराक, टीके की शुरुआती सीरीज़ से मिले सुरक्षा समय के साथ कम होने के बाद सुरक्षा और/या इम्यूनिटी को बेहतर करने या रीस्टोर करने के लिए दी जाती है।

क्या बूस्टर खुराक के लिए टीके का ब्रांड मायने रखता है?

अगर आपकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है और प्राथमिक सीरीज़ में Johnson & Johnson या दो खुराक वाला mRNA टीका लगा है तो आप पहली सीरीज़ में लगे टीके के बजाय बूस्टर खुराक के लिए कोई अन्य टीका लगवा सकते हैं। नवीनतम डेटा (Moderna, Johnson & Johnson, मिक्स और मैच बूस्टर) और बूस्टर टीकों के बारे में सोच-समझकर किए गए ठोस विचार-विमर्शों की गहन समीक्षा के बाद Centers for Disease Control and Prevention (CDC, रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र) ने अपना फ़ैसला दिया। अभी Novavax की कोई अनुशंसित बूस्टर खुराक नहीं हैं और इसे कोविड-19 के किसी दूसरे टीके के साथ नहीं लिया जाना चाहिए। ***17 वर्ष और उससे कम उम्र के लोगों को बूस्टर खुराक के लिए Pfizer वैक्सीन तभी लग सकती है, अगर उन्हें पहली सीरीज़ में Pfizer लगी थी।***

किसी का टीकाकरण पूरा कब माना जाता है?

कोविड-19 टीकाकरण की पहली सीरीज़ में सुझाई गईं सभी खुराकें लगवाने के 2 हफ्ते बाद, आपका या आपके बच्चे का **टीकाकरण पूरा** माना जाता है।

पहली सीरीज़ में सुझाई गईं सभी खुराकें और यदि योग्य हो तो *सभी सुझाए गए बूस्टर* (अंग्रेज़ी में) लगवाने के बाद, आपको या आपके बच्चे को कोविड-19 टीकाकरण के लिए **अप-टू-डेट** माना जाता है।

क्या बूस्टर को अन्य टीकों जैसे कि फ़्लू के टीके के साथ लगवाया जा सकता है?

हाँ। आपको या आपके बच्चे को अन्य टीकों के साथ कोविड-19 का टीका भी लगाया जा सकता है। आपको अपने बच्चे के *आवश्यक स्कूल टीकाकरण* (अंग्रेज़ी में) या सुझाए गए अन्य टीकों को कोविड-19 टीकाकरण से अलग शेड्यूल करने की ज़रूरत नहीं है। कोविड-19 टीके का अपॉइंटमेंट आपके और आपके बच्चे के लिए सभी सुझाए गए टीके लगवाने का एक और अवसर है।

और सवाल हैं? यहाँ जाएँ:
doh.wa.gov/covidbooster

Washington State Department of Health

DOH 825-039 July 2022 Hindi

इस दस्तावेज़ का अनुरोध अलग प्रारूप में करने के लिए 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बहरे या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ई-मेल करें।